# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अटरू जिला बारां (राज.)

**पीठासीन अधिकारीः–ओम प्रकाश चन्देलिया आर.ए.एस.**

**प्रकरण सं0 15/2024** **दायर दिनांकः 15/10/2024**

**उनवान**

1. पूजा आयु 26 वर्ष पुत्री भेरूलाल जाति मीणा निवासी मून्डलाबिसोती तह० अटरू जिला बांरा (राज.)

प्रार्थीया

बनाम

1. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार, अटरू जिला बारां।

अप्रार्थी

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर0 एक्ट**

उपस्थित :–
प्रार्थिया :–विद्वान अभिभाषक श्री लोकेश कुमार गुर्जर
अप्रार्थी :– पेरोकार सरकार

**निर्णय** **दिनाकः 13.01.2025**

प्रार्थीया ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट इस आशय का पेश किया है कि प्रार्थीया के शामलाती कब्जे काश्त एव स्वामित्व की आराजी वाके ग्राम एवं माल मुन्डलाबिसोती तहसील अटरू में खाता सं0 13 के खसरा नंव 342/968 का रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 343 का रकबा 1.05 है0, खसरा नं0 349 का रकबा 1.96 है0, खसरा नं0 362/974 का रकबा 0.06 है0, खसरा नं0 433 का रकबा 0.03 है0, खसरा नं0 457/917 का रकबा 0.01 है0, खसरा नं0 458 का रकबा 0.07 है0, खसरा नं0 459/916 का रकबा 0.03 है0, खसरा नं0 460 का रकबा 0.11 है0, खसरा नं0 479 का रकवा 0.36 है0, खसरा नं0 485 का रकबा 0.33 है0, खसरा नं0 49 का रकबा 2.76 है0, खसरा नं0 597 का रकबा 0.43 है0, खसरा नं0 599 का रकबा 0.21 है0, खसरा नं0 600 का रकबा 0.85 है0, खसरा नं0 601 का रकबा [illegible]3 है0, खसरा नं0 7 का रकबा 0.44 है0, खसरा नं0 9/824 का रकबा 0.06 है0 कुल 18 किता का रकबा 9.24 है0, एवं ग्राम एवं माल मुन्डलाबिसोती तहसील अटरू में खाता सं0 14 के खसरा नं0 47 का रकबा 6.06 है0, खसरा नं0 48 का रकबा 1.36 है0, खसरा नं0 8/821 का रकबा 0.02 है0 कुल 3 किता का रकबा 7.44 है0 शामलाती खाते दर्ज चली आ रही है। नकल जमाबन्दी सम्वत 2071 से 2074 प्रार्थना पत्र के साथ

Signature Not Verified
Digitally signed by Om Prakash Chandeliya
Date: 2025.03.12 10:29:56 IST
Reason: SelfAttested

सलग्न है जो काबिले गौर है। प्रार्थीया का नाम प्रार्थना पत्र की मद नं. 1 में वर्णित आराजी में सहवन से पूजा के स्थान पर गायत्री अंकित हो गया है जो कि गलत है प्रार्थीया का सही नाम पूजा है जो कि उसके राशन कार्ड आधार कार्ड बैंक डायरी मार्कशीट आदि दस्तावेजो में भी पूजा नाम ही दर्ज है तथा ग्राम पंचायत्त मुन्डलाबिसोती द्वारा जारी प्रमाण पत्र में भी पूजा नाम ही दर्ज है। उक्त समस्त दस्तावेज प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है। प्रार्थीया राजस्व कर्मचारिगणों द्वारा की गई त्रुटि को दुरूस्त करवा कर अपना नाम गायत्री पुत्री भेरूलाल के स्थान पर पूजा पुत्री भेरूलाल दर्ज करवाने का अधिकारी है। अप्रार्थी के अधीनस्थ कर्मचारिगणों के द्वारा किये गए गफलत एवं लापरवाही पूर्वक कार्य से प्रार्थी का नाम गायत्री कर देने से प्रार्थीया को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जमाबन्दी एंव अन्य दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम भिन्न भिन्न होने से बैंक से कृषि ऋण व अन्य कृषि योजनाओं का लाभ आदि प्राप्त नहीं कर पा रहा है। प्रार्थीया ने अप्रार्थी से नाम दुरस्त करने का निवेदन किया तो उन्होंने माननीय न्यायालय में कार्यवाही करने का निर्देश दिया इस कारण यह प्रार्थाना पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। आराजी ग्राम/माल मूण्डलाबिसोती पटवार हल्का मूण्डलाबिसोती तह० अटरू जिला बांरा (राज) में स्थित होने से माननीय न्यायालय को क्षेत्राधिकार व श्रवणाधिकार प्राप्त है। अन्य कारण बवक्त बहस मौखिक निवेदन किया जाता है।

अतः माननीय न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी आराजी ग्राम एवं माल मुन्डलाबिसोती तहसील अटरू में खाता सं0 13 के खसरा नंव 342/968 का रकबा 0.05 है0, खसरा नं0 343 का रकबा 1.05 है0, खसरा नं0 349 का रकबा 1. 96 है0, खसरा नं0 362/974 का रकबा 0.06 है0, खसरा नं0 433 का रकबा 0.03 है0, खसरा नं0 457/917 का रकबा 0.01 है0, खसरा नं0 458 का रकबा 0.07 है0, खसरा नं0 459/916 का रकबा 0.03 है0, खसरा नं0 460 का रकबा 0.11 है0, खसरा नं0 479 का रकवा 0.36 है0, खसरा नं0 485 का रकबा 0.33 है0, खसरा नं0 49 का रकबा 2.76 है0, खसरा नं0 597 का रकबा 0.43 है0, खसरा नं0 599 का रकबा 0.21 है0, खसरा नं0 [illegible] का रकबा 0.85 है0, खसरा नं0 601 का रकबा 0.43 है0, खसरा नं0 7 का रकबा 0.44 है0, खसरा नं0 8/824 का रकबा 0.06 है0 कुल 18 किता का रकबा 9.24 है0 एवं ग्राम एवं माल मुण्डलाबिसोती तहसील अटरू में खाता स0 14 के खसरा नं0 47 का रकबा 6.06 है0, खसरा नं0 48 का रकबा 1.36 है0, खसरा नं0 8/821 का रकबा 0.02 है0 कुल 3 किता का रकबा 7.44 है0 शामलाती खाते दर्ज चली आ रही है। आराजी में

Signature Not Verified
Digitally signed by Om Prakash Chandeliya
Date: 2025.03.12 10:29:56 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थीया का नाम पूजा पुत्री भेरूलाल दर्ज करने के आदेश अप्रार्थी को प्रदान किये जाने की कृपा करें ।

प्रकरण को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किया गया तथा अप्रार्थी तहसीलदार अटरू से प्रार्थना पत्र के संबंध में रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार अटरू की रिपोर्ट क्रमांक/राजस्व/2024/3765 दिनांक 20.12.2024 को शामिल फाईल किया गया तथा अभिभाषक प्रार्थीगण की मौखिक बहस सूनी गई।

अभिभाषक प्रार्थी की बहस के परिपेक्ष्य में पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों– नकल जमाबन्दी ग्राम व माल मूण्डलाबिसोती सम्वत 2071–74 खाता संख्या 13, नकल जमाबन्दी ग्राम व माल मूण्डलाबिसोती सम्वत 2071–74 खाता संख्या 14, बैंक पास बुक, माध्यमिक परीक्षा अंकतालिका, सरपंच ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र व रिपोर्ट तहसीलदार का अवलोकन किया गया।

उपरोक्त विवेचन, विश्लेषण तथा तहसीलदार अटरू की रिपोर्ट के अवलोकन के आधार ग्राम एवं माल मूण्डलाबिसोती तहसील अटरू के खाता सं0 13 व ग्राम व माल मूण्डलाबिसोती तहसील अटरू के खाता संख्या 14 सहखातेदार गायत्री पुत्री भैरूलाल के स्थान पर पूजा पुत्री भेरूलाल किये जाने पर खातेदारी अधिकारों में परिवर्तन होना प्रतीत होता है।

राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 136 के तहत मूल रूप से खातेदारी अधिकारों में किसी प्रकार का परिवर्तन नही किया जा सकता। अतः उपलब्ध रिकार्ड/दस्तावेजों के आधार पर अतः प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत नही होता है।

## –::क्रियात्मक आदेश::–

उपरोक्त विवेचन व विश्लेषण के आधार पर प्रार्थिया का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर0 एक्ट खारिज फरमाया जाता है।

यह निर्णय आज दिनांक 13.0 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Om Prakash Chandeliya
Date: 2025.03.12 10:29:56 IST
Reason: SelfAttested

(ओम प्रकाश चन्देलिया)
**उपखण्ड अधिकारी**
**अटरू जिला बारां**

Signature Not Verified

Digitally signed by Om Prakash Chandeliya
Date: 2025.03.12 10:29:56 IST
Reason: SelfAttested